4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

मध्यवर्ग भोला बड़ा, जब चाहे लो लूट।
बांछें खिल जाती वहीं, मिले जरा भी छूट।
मिले जरा भी छूट, वहीं बांछें खिल जाती।
देकर लॉलीपाप, पार्टियां इन्हें पटाती।
कह साहिल कविराय, पटाना इनको पोला।
मध्यवर्ग सा कौन, वर्ग हो सकता भोला।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 11 | ISSUE 35 | MONDAY 16-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## नो एंट्री में घुस रहे वाहन और ओवरलोड हैवी व्हीकल्स बने जनता के लिए यमराज

# जिला प्रशासन-ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही + व्यापारियों की पैसे कमाने की लालसा = राहगीरों की जिंदगियों की बनी सौदागर

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। लुधियाना की सड़कों पर सुबह के समय हैवी व्हीकल्स, ओवरस्पीड और ओवरलोड वाहनों के रुप में यमराज घूमते हैं। जिनकी और से जब चाहें और जहां चाहे मासूम लोगों की जान छींन ली जाती है। जिसके चलते शहरवासियों को खुद ही इनसे बचाव करने की जरुरत है। दरअसल, ऐसे कुछ हादसे शहर में पिछले दिनों देखने को मिले हैं। जिसमें इन नो एंट्री में घुसे वाहनों और हैवी व्हीकल्स की वजह से तीन दिन के अंदर तीन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यहीं नहीं तीन लोगों की मौत के बाद भी प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस एक्शन में नहीं आई। जिसके नतीजे में रविवार को फिर एक ओवरलोड ट्रक भारत नगर चौक फ्लाईओवर से नीचे की तरफ पलट गया। जिससे ट्रक में लोड सभी आनाज की बोरियां नीचे चौक के बीचों बीच सड़क पर आ गिरी। इस दौरान वहां से गुजर रही दो कारें, बाइक व एक दुकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि वाहन चालकों ने समय रहते कारों और बाइक से छलांग लगा दी, जिससे जानी नुकसान होने से बचाव हो गया। जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की नालायकी और व्यापारियों की पैसा कमाने की लालसा आम जनता की जिंदगियों की सौदागर बन गई है। क्योंकि प्रशासन इन वाहनों को शहर में आने से रोक नहीं पा रहा और व्यापारियों अपने माल के लिए इन हैवी और ओवरलोड व्हीकल्स को जब मन चाहें शहर में घुसा लेते हैं।

### मंत्री अरोड़ा और सीपी दे चुके सख्त आदेश

वहीं बात करें मंत्री संजीव अरोड़ा की तो उनकी तरफ से पिछले दिनों ही ट्रैफिक पुलिस व जिला प्रशासन को ट्रैफिक नियम फॉलो न करने वालों पर सख्त एक्शन लेने के आदेश दिए हैं, ताकि सड़क हादसे कर हो सके। जबकि पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के ट्रैफिक समेत पूरी जिला पुलिस को सख्त आदेश हैं कि ट्रैफिक नियमों का पालन करवाएं, अगर कोई नहीं करता, तो कानूनी कार्रवाई की जाए।

### 13 फरवरी ढोलेवाल चौक में ट्राले ने महिला को कुचला

13 फरवरी सुबह करीब 9 बजे डाबा की सुमन जैन (54) रैपिडो बाइक से ड्यूटी पर जा रही थी और ढोलेवाल चौक के पास बाइक स्लीप होने से गिर गई। पीछे से आ रहे ट्राले ने उसे कुचल दिया। थाना डिवीजन नंबर छह पुलिस ने राकेश जैन की शिकायत पर गांव भूमां कलां के दलजीत सिंह खिलाफ मामला दर्ज किया।

## हैवी व्हीकल्स से तीन दिन में 3 मौतें, रविवार को फिर पलटा ट्रक, हुई FIR



भारत नगर चौक में पुल से नीचे गिरी बोरियों से क्षतिग्रस्त हुए वाहन



प्रताप चौक के पास दिन के समय घूमता ट्राला

### सुबह आठ बजे के बाद एंट्री है बैन

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा समय समय पर नोटिस निकाले जाते हैं कि सुबह आठ बजे के बाद हैवी व्हीकल्स शहर में एंटर नहीं करेंगे। अगर एंट्री होगी तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बात करें ओवरलोड व्हीकल्स की तो उन पर तो सीधे तौर पर कार्रवाई बनती है। क्योंकि ओवरवोड वाहन ले जाया ही नहीं जा सकता। लेकिन उसके बावजूद आठ बजे के बाद धड़ल्ले से हैवी और ओवरलोड व्हीकल्स नो एंट्री जोन में घुसते हैं। लेकिन न तो जिला प्रशासन और न ही ट्रैफिक पुलिस इस पर रोक लगा पा रही है।

### शहर एंट्री-एग्जिट पर नाकों के दावे, फिर कैसे घुसते हैं वाहन

जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा शहर के हर एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट पर 24 घंटे नाके लगे होने के दावे किए जाते हैं। अगर सच में नाके लगे होते हैं तो फिर यह भारी वाहन यानि कि ट्रक, ट्राले और टिप्पर सुबह के समय शहर की सड़कों पर कहा से आ जाते हैं। अगर यह वाहन पहले से शहर में मौजूद रहते हैं तो फिर ट्रैफिक पुलिस नाकों पर इन्हें कैसे गुजरने देती है। यह बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

### व्यापारियों द्वारा वाहनों के जरिए मंगवाया जाता है माल

शहर के व्यापारियों, कारोबारियों और बिजनेसमैनों द्वारा बड़े वाहनों के जरिए माल ऑर्डर करके मंगवाया जाता है। व्यापारियों द्वारा अपना कारोबार करने के चक्कर में इन हैवी व्हीकल्स के जरिए कपड़ा, आनाज, लोहे का सामान व राशन तो मंगवा लिया जाता है, लेकिन इन वाहनों से लोगों की जा रही जानों की उन्हें प्रवाह नहीं होती। नियमों के मुताबिक व्यापारी रात से लेकर सुबह आठ बजे तक माल मंगवा सकते हैं। लेकिन इस समय उन्होंने खुद आराम करना होता है तो वह बिना किसी की प्रवाह किए दिन में माल मंगवाते हैं।

### 14 फरवरी को प्रताप चौक नजदीक युवक कुचला

14 फरवरी को ढोलेवाल से प्रताप चौक जाती सड़क पर फाइन बयरिंग के पास सड़क क्रॉस करते युवक को वाहन चालक ने कुचल दिया। हालांकि पुलिस दोपहर बाद तक यह पता नहीं लगा सकी कि वाहन कौन सा था। लेकिन आसपास लोगों के मुताबिक युवक को हैवी वाहन ने टक्कर मारी थी।

### 8 फरवरी को भी हुआ हादसा

थाना साहनेवाल की पुलिस ने बिंदर कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया। बिंदर कुमार अनुसार आठ फरवरी को सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल साहनेवाल के पास सर्विस लेन के पास एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिस कारण व्यक्ति की मौत हो गई।

### ज्यादातर हादसे पुलिस नाकों के नजदीक हुए

बता दें कि शहर में पिछले तीन दिन में जो चार हादसे हुए हैं, सभी नो एंट्री की निर्धारित टाइमिंग के बाद ही हुए हैं। वहीं चारों हादसे पुलिस नाकों के पास हुए हैं। पहला हादसा राहों रोड, दूसरा ढोलेवाल चौक, तीसरा ढोलेवाल से प्रताप चौक जाती सड़क पर और चौथा भारत नगर चौक फ्लाईओवर पर हुआ। हादसों के मुताबिक राहों रोड पर नाका रहता है, ढोलेवाल चौक, शेरपुर चौक और विश्वकर्मा चौक तीनों जगह नाके होते हैं, भारत नगर चौक पुल पर पलटा ट्रक फिरोजपुर रोड चुंगी की तरफ से आया। जहां पक्का नाका रहता है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि इन नाकों से वाहन गुजरकर आगे आते हैं। फिर क्या पुलिस ने वाहनों को रोका नहीं या नाके लगे ही नहीं थे।

### 12 फरवरी को ट्रक ने कुचला राहगीर

12 फरवरी को राहों रोड के नगिंदर नगर निवासी सुनील कुमार (50) अपनी पत्नी रोली देवी के साथ पैदल काम पर जा रहा था। राहों रोड क्रॉस करते हुए तेज रफ्तार ट्रक ने सुनील को टक्कर मार दी। ट्रक नीचे कुचलने के कारण उसकी मौत हो गई।

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

## Happy Anniversary



Mukesh Kalia ji-Neena Kalia ji

# हाई-प्रोफाइल सर्च ऑपरेशन: जेआरएस ईस्टमैन पर चौथे दिन भी जांच

## पैरा मिल्ट्री फोर्सिसि की कड़ी सुरक्षा में किसी को भी नहीं अंदर आनेजाने की छूट

लुधियाना/नई दिल्ली, यूटर्न, 15 फरवरी आयकर विभाग की दिल्ली टीम द्वारा बुधवार सुबह शुरू की गई जेआरएस ईस्टमैन समूह पर सर्च कार्रवाई चौथे दिन भी जारी रही। शहर और उद्योग जगत में इस कार्रवाई को लेकर चचाओं का दौर तेज है। विभिन्न परिसरों पर दस्तावेजों, वित्तीय लेन-देन और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है।








कार्रवाई के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संबंधित ठिकानों पर पैरा-मिलिट्री बलों की तैनाती की गई है और बिना अनुमति किसी को भी अंदर-बाहर आने की इजाजत नहीं दी जा रही। सुरक्षा घेरा इतना सख्त है कि आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्कता देखी जा रही है।

आमतौर पर आयकर विभाग की सर्च कार्रवाई दो से तीन दिनों में पूरी हो जाती है, लेकिन इस मामले में चौथे दिन तक जांच जारी रहना इसकी व्यापकता और जटिलता की ओर संकेत माना जा रहा है। कारोबारी हलकों में इसे हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। जेआरएस ईस्टमैन समूह राज्य के प्रमुख कॉरपोरेट घरानों में गिना जाता है। निर्यात आधारित कारोबार और प्रोफेशनल मैनेजमेंट के लिए पहचान रखने वाला यह समूह टैक्स कम्प्लायंस के दृष्टिकोण से भी उद्योग जगत में मजबूत साख रखता है। ऐसे में इस कार्रवाई ने स्वाभाविक रूप से कई सवाल और उत्सुकता पैदा की है। दूसरी ओर, आयकर विभाग देश की प्रमुख राजस्व एवं जांच एजेंसियों में से एक है, जो ठोस सूचनाओं के आधार पर ही सर्च ऑपरेशन को अंजाम देता है। सूत्रों के अनुसार, विभागीय टीम दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। फिलहाल आयकर विभाग या समूह की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। तब तक उत्तर भारत के कारोबारी जगत की निगाहें इस कार्रवाई के निष्कर्ष पर टिकी हुई हैं।

# यूनियन बजट 2026 पर मेडिकल सेल का 'बजट संवाद' आयोजित



चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी मेडिकल सेल, चंडीगढ़ द्वारा आईएमए हॉल में यूनियन बजट 2026 विषय पर ह्लबजट संवादह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों के साथ बजट प्रावधानों पर चर्चा कर उनके प्रभावों का विश्लेषण करना था। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यूनियन बजट 2026 स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुलभ और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने चिकित्सा अधोसंरचना विस्तार, डिजिटल हेल्थ मिशन और मेडिकल शिक्षा में नए अवसरों का उल्लेख किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. संजीव भाटिया और राकेश भल्ला ने स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी को अस्पतालों के आधुनिकीकरण, नई योजनाओं और अनुसंधान के लिए सकारात्मक बताया। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में पारदर्शिता और सुदृढ़ीकरण के प्रयासों की भी सराहना की गई। कन्वीनर ललित ताकियार व संयोजक राज किशोर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरों, फार्मा विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टाफ, केमिस्ट और आयुर्वेद चिकित्सकों ने भाग लिया। मेडिकल सेल टीम के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया।

# कम उम्र में निधन, लेकिन अमर हो गई रोशनी

## स्वर्गीय अमित अरोड़ा की प्रेरणा से जगरांव में आंखों के दान की मिसाल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। समाज सेवा के क्षेत्र में कर भला हो भला संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अमित अरोड़ा भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सोच और सेवा की रोशनी आज भी सैकड़ों जिंदगियों को उजाला दे रही है। कम उम्र में ही एक हादसे के दौरान हुए उनके निधन निधन पर परिवार पर दुखों का पहाड़ तो जरूर टूटा लेकिन इस दुखद घड़ी में भी उनके परिवार ने हिम्मत नहीं हारी। परिवार ने उनके द्वारा शुरू की गई संस्था कर भला हो भला को उसी समर्पण और सेवा भाव से आगे बढ़ाया। जानकारी के मुताबिक

स्वर्गीय अमित अरोड़ा के निधन के बाद उनके परिवार की ओर से उनके अंतिम संस्कार से पूर्व उनकी आंखें दान की गईं। यह आंखें आई हॉस्पिटल को सौंपी गईं, ताकि किसी जरूरतमंद को दुनिया देखने का अवसर मिल सके। इसके अलावा अमित अरोड़ा के भोग अवसर पर उनकी स्मृति में अमित अरोड़ा पुनर्जोत आई





बैंक सोसाइटी नामक संस्था का गठन किया गया। इस अवसर पर जगरांव शहर के 178 लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी आंखें दान करने के फॉर्म भरे, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल रही।

अमित अरोड़ा की इसी प्रेरणा से शनिवार को जगरांव के फिली गेट निवासी बुजुर्ग राजकुमार कपूर के निधन के बाद उनके परिवार ने भी कर भला हो भला संस्था के मार्गदर्शन में उनकी आंखें दान कीं।

संस्था के सदस्यों के आग्रह पर शंकर आई हॉस्पिटल की टीम जगराओंझ्रलुधियाना जीटी रोड से सीधे राजकुमार कपूर के घर पहुंची, जहां पूरी प्रक्रिया पूरी कर उनकी आंखें दान करवाई गई। इस पुनीत कार्य से किसी अन्य व्यक्ति को फिर से दुनिया देखने का अनमोल अवसर मिल सका।

**आंखें जलाने से बेहतर है किसी की दुनिया रोशन करना-**

इस मौके पर कर भला हो भला संस्था के अध्यक्ष रोहित अरोड़ा और अन्य सदस्यों ने कहा कि मरणोपरांत आंखें दान करने से बड़ा कोई दान नहीं होता। आंखें जलने से अच्छा है कि वे किसी जरूरतमंद के काम आएं और कोई अन्य व्यक्ति उन्हीं आंखों के माध्यम से इस रंगीन दुनिया को देख सके।रोहित अरोड़ा ने यह भी बताया कि यदि अब कोई अन्य व्यक्ति भी अपनी आंखें दान करना चाहता है, तो वह कर भला हो भला समिति से संपर्क कर अपने आंखें दान करने के फॉर्म भरवा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि अधिक से अधिक लोग आंखें दान करने का संकल्प लें, तो कई अंधेरी जिंदगियों में फिर से उजाला लौट सकता है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 सोमवार, 16 फरवरी 2026



पेज 06 महाशिवरात्रि पर देश भर के मंदिरों में उमड़ी आस्था...

# 1000 करोड़ के स्पेशल असिस्टेंस फंड में खेल?

## कही 25% कमीशन, तो कहीं अटके टेंडर और 30 मार्च की डेडलाइन से पहले घोटाले की बू

लुधियाना, 15 फरवरी। केंद्र सरकार द्वारा पंजाब को स्पेशल असिस्टेंस योजना के तहत आवंटित 1000 करोड़ रुपये के फंड को लेकर नगर निगम और इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। इस राशि में राज्य सरकार के खाते में पड़े 300 करोड़ रुपये बेकार हो रहे हैं, जबकि बकाया 700 करोड़ की राशि पहली किश्त की उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) भेजे जाने के बाद ही जारी होगी। जानकारी के अनुसार, जारी की गई 300 करोड़ रुपये की राशि को 30 मार्च तक खर्च कर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा तक कार्य पूरा न होने की स्थिति में राशि केंद्र सरकार को वापस लौट जाएगी है, जिससे राज्य को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है।









### इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के १० करोड़ के टेंडरों में २५ प्रतिशत किसके !

लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा विकास कार्यों को रफ़्तार देने के निदेर्शों लागु करते हुए इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट में लगभग 20 करोड़ रुपये के टेंडर लगाए गए। रफ़्तार की जल्दबाजी या आँख मिचोली में एक ही जैसा वर्क अलग अलग ठेकेदार को 2 और 27 % प्रतिशत कम दर (लेस) पर आवंटित कर दिया गया । जिससे चचाएं गर्म है की 2 % पर अलाट किए टेंडर की करीब 25 प्रतिशत राशि कथित रूप से किन किन अधिकारियों और राजनेताओं के बीच बांटी गई हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित विभाग की ओर से कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### वर्क आर्डर के इंतजार में निगम के 135 करोड़ के टेंडर !

नगर निगम में लगभग 135 करोड़ रुपये के टेंडर लगाए गए हैं। इनमें से 14 टेंडर खोले जा चुके हैं, जिनमें ठेकेदारों ने 4 प्रतिशत से 12 प्रतिशत तक कम दर (लेस) दी है। इसके बावजूद 11 टेंडरों के वर्क ऑर्डर फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी में लंबित बताए जा रहे हैं, जबकि 6 टेंडर ठेकेदारों के आपसी विवाद के कारण अटके हुए हैं। टाइम-बाउंड प्रोजेक्ट होने के कारण देरी से काम शुरू होने पर समय सीमा में कार्य पूर्ण करना चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।

### राजनीतिक और प्रशासनिक सवाल

लुधियाना से कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया में देरी और आरोपों ने प्रशासनिक पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसी बीच कई सत्ताधरी राजनेताओं पर पैसे लेने के आरोपों की चर्चा ने मामले को और तूल दे दिया है। हालांकि इन आरोपों की जांच या पुष्टि संबंधी कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

### अगली किश्त पर टिकी नजर

स्पेशल असिस्टेंस फंड की अगली किश्त जारी होने से पहले 300 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना अनिवार्य है। यदि समय पर खर्च और रिपोर्टिंग नहीं हुई, तो अगली किश्त अटक सकती है। फिलहाल संबंधित विभागों की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है। यदि आरोपों की पुष्टि होती है, तो यह मामला बड़े वित्तीय अनियमितता के रूप में उभर सकता है।

# अनिल अंबानी, जेफरी एपस्टीन ने लग्जरी घर में खाने पर क्या चर्चा की

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी और दोषी वर सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच हुई बातचीत से पता चलता है कि दोनों ने बिजनेस को फंड करने से लेकर डिफेंस सेक्टर में ट्रेड तक कई टॉपिक पर चर्चा की, वर डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (DoJ) की जारी फाइलों से पता चलता है। DoJ की एपस्टीन फाइल्स वेबसाइट पर सर्च करने पर 87 रिजल्ट में अनिल अंबानी का नाम है। 20 अप्रैल, 2019 को अनिल अंबानी ने एपस्टीन को iMessage चैट में लिखा: ₹बात करेंगे। सहमत होने के लिए। आप कॉर्पोरेट लेवल पर फाइनेंसिंग का इंतजाम करने में कैसे मदद कर सकते हैं?



यह, और एपस्टीन और भारतीय उद्योगपति के बीच हुई कई दूसरी बातचीत से पता चलता है कि दोनों आदमी डिनर के लिए मिले और सेक्स अपराधी के लग्जरी घर में बिजनेस पर चर्चा की।

एक समय पर, एपस्टीन ने अनिल अंबानी को अपनी रेप्युटेशन के नुकसान के बारे में बताया था। फिर भी, एपस्टीन ने जोर देकर कहा, ₹मेरे घर पर कई फाइनेंस वाले लोग हैं। आपको मजा आएगा। अगर मेरा गूगल कोई चिंता का विषय है, तो मंत्रियों का एक बड़ा ग्रुप उसे कम कर देगा। ये डिटेल्स फरवरी 2017 और मई 2019 के बीच हुई कई बातचीत के एनालिसिस में सामने आई हैं, जिसकी रिपोर्ट एक नेशनल डेली ने दी है। वर जस्टिस डिपार्टमेंट के जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, एपस्टीन ने अनिल अंबानी के साथ रिश्ते बनाने में बहुत समय बिताया। एपस्टीन के उनके साथ मैसेज से पता चलता है कि वर के सेक्स कॉन्विक्ट पर चार्ज लगाने से कुछ महीने पहले ही, दोनों करीब से टच में थे।

# मॉडल टाउन बाजार में दुकानदारों के वाहन पार्किंग की जगह पर कब्जे, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान, प्रशासन पर उठे सवाल

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के दावे करने वाला लुधियाना आज भी अवैध कब्जों की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। मॉडल टाउन स्थित बाजार में कई दुकानों के दुकानदारों द्वारा अपनी-अपनी दुकाकों को निर्धारित सीमा से बाहर निकलकर सार्वजनिक पार्किंग क्षेत्रों में व्यापार फैलाया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। बाजार क्षेत्र में वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थानों पर ठेले, सामान, मेन्यू बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था और ग्राहकों के खड़े होने की जगह बना ली गई है। इसके चलते आम नागरिकों के लिए वाहन खड़ा करना मुश्किल हो गया है और बाजार की मूल व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। लेकिन नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा।




पार्किंग क्षेत्र में फैला व्यापार

### पार्किंग व्यवस्था ध्वस्त, ट्रैफिक बना रोज की परेशानी

पार्किंग क्षेत्रों पर हो रहे इन अवैध कब्जों के कारण बाजार में आने वाले लोग अपने वाहन सड़क के किनारे या सड़क पर ही खड़े करने को मजबूर हैं। इससे सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम हो जाती है और व्यस्त समय में बाजार क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति बन जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या अब रोजमर्रा की बन चुकी है और अकसर यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है।

### इंक्रोचमेंट मुक्त लुधियाना अभियान पर उठे सवाल

उल्लेखनीय है कि हाल ही में लुधियाना ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम द्वारा इंक्रोचमेंट मुक्त लुधियाना अभियान चलाया गया था, जिसका उद्देश्य शहर को अवैध कब्जों से मुक्त करना था । हालाँकि, मॉडल टाउन बाजार की वर्तमान स्थिति यह दशार्ती है कि जमीनी स्तर पर इस अभियान का कोई स्थायी प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई दुकानदार प्रशासनिक अभियानों में सहयोग नहीं करते और कुछ समय बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है।

### तहबाजारी शाखा की भूमिका पर गंभीर प्रश्न

पूरे बाजार में फैले इस अतिक्रमण ने नगर निगम लुधियाना की तहबाजारी शाखा की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि पार्किंग क्षेत्रों में व्यापार करने की अनुमति नहीं है, तो फिर यह अवैध गतिविधि इतने लंबे समय से कैसे जारी है? क्या संबंधित शाखा की लापरवाही या अनदेखी के कारण सार्वजनिक स्थानों का निजी उपयोग हो रहा है।

**स्मार्ट सिटी के दावे और बाजार की हकीकत...**लुधियाना को स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर बनाने की बात कही जाती है, लेकिन मॉडल टाउन जैसे प्रमुख बाजारों में पार्किंग क्षेत्रों पर अवैध कब्जा और बिगड़ती यातायात व्यवस्था इन दावों पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। स्मार्ट सिटी की परिकल्पना में सुव्यवस्थित बाजार, सुरक्षित पार्किंग और निर्बाध यातायात को प्राथमिकता दी जाती है, जो यहाँ नजर नहीं आती।

**नागरिकों ने भी प्रशासन से मांगा जवाब...**स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों के एक वर्ग ने लुधियाना ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम लुधियाना से मांग की है कि मॉडल टाउन बाजार में हो रहे अवैध कब्जों को बिना किसी ढिलाई के तुरंत हटाया जाए, दुकानों को उनकी निर्धारित सीमा के भीतर ही सीमित रखा जाए और सार्वजनिक स्थानों के दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि इन अवैध कब्जों के लिए सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही ज़िम्मेदार है, इसलिए तहबाजारी शाखा सहित संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा इंक्रोचमेंट मुक्त लुधियाना अभियान को कागजों तक सीमित न रखते हुए जमीन पर सख़्ती से लागू किया जाए। अब देखना यह होगा कि ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम प्रशासन मॉडल टाउन बाजार की इस गंभीर समस्या पर कब ठोस कदम उठाए जाते हैं या फिर पार्किंग क्षेत्रों पर कब्जा यूँ ही शहर की व्यवस्था और आम नागरिकों की सुविधा को प्रभावित करता रहेगा।

# बेटे ने चाकू से कई वार करके पिता का किया मर्डर, पुलिस कर रही जांच

लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। ढंडारी कलां इलाके में एक बेटे ने अपने ही पिता की चाकू मारकर हत्या कर डाली। हत्या के कारण अभी पता नहीं चल सका है। वारदात के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। मृतक की पहचान 44 वर्षीय सिकंदर चौहान के रूप में हुई है। जबकि आरोपी उसका बेटा उमेश चौहान (25) है। मामले की सूचना मिलने पर थाना फोकल प्वाइंट की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दी है। जानकारी के अनुसार उमेश और सिकंदर दोनों मूल्य रूप से यूपी के रहने वाले है और दीप कॉलोनी के एक कमरे के किराए के मकान में रहते थे। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, रविवार को उमेश भांग का सेवन कर नशे की हालत में घर लौटा और पिता से बहस करने लगा। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दोनों को शांत कराया। लेकिन कुछ ही मिनट बाद एक निवासी ने कमरे के बाहर खून बहता देखा। दरवाजा खोलने पर सिकंदर चौहान खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े मिले। उनकी गर्दन पर कई वार किए गए थे।

Uturn Time 16 Feb 2026_Layout 2  15-02-2026  23:01  Page 4



# लाल बत्ती और फर्जी वर्दी का खौफ, 35 टन सरिया से भरा ट्रॉला लूट ले गए

## पुलिस RTO बनकर आए बदमाश, चेकिंग के नाम पर चालक-क्लीनर को उतारकर फरार

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 15 फरवरी। हाईवे पर चेकिंग के नाम पर लूट की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। लाल बत्ती लगी गाड़ी में आए तीन बदमाशों ने खुद को पुलिस और आरटीओ अधिकारी बताकर 35 टन सरिया से भरा 18 टायरी ट्रॉला लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक और क्लीनर के मोबाइल फोन छीनकर उन्हें सड़क किनारे उतार गए, ताकि वे तुरंत पुलिस को सूचना न दे सकें। पीड़ित चालक की शिकायत पर सोहाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेकिंग का नाटक, फिर ट्रॉला लेकर फरार

फतेहगढ़ साहिब निवासी अशोक यादव ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा सुंदर यादव का ट्रॉला चलाता है। वह फतेहगढ़ साहिब स्थित एक फैक्ट्री से 35 टन सरिया लोड कर खरड़ की ओर जा रहा था। तड़के करीब 3 बजे वह लांडरा चौक के पास हाईवे किनारे एक ढाबे पर ट्रॉला रोककर खाना खाने लगा। अशोक के मुताबिक अधिक लोड के कारण ट्रॉले के टायर गर्म हो गए थे। इसी दौरान लाल बत्ती लगी एक गाड़ी वहां आकर रुकी। उसमें सवार तीन लोगों में से एक ने खुद को आरटीओ अधिकारी बताया, जबकि दो ने पुलिसकर्मी होने का दावा किया।

### ओवरलोडिंग का डर दिखाकर की वारदात

आरोपियों ने चेकिंग के बहाने ट्रॉले के कागजात मांगे। दस्तावेज देखने के बहाने एक युवक ट्रॉले में चढ़ गया और अचानक ट्रॉला स्टार्ट कर आगे बढ़ा। जब चालक और क्लीनर ने विरोध किया तो उन्हें ओवरलोडिंग में फंसाने की धमकी दी गई। इसके बाद उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए और कुछ दूरी पर दोनों को नीचे उतारकर आरोपी ट्रॉला लेकर फरार हो गए।

### हाईवे सुरक्षा पर सवाल

घटना के बाद हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिस तरह से आरोपी लाल बत्ती लगी गाड़ी और फर्जी पहचान के सहारे इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए, उसने पुलिस और परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं।

**जांच में जुटी पुलिस...**पंजाब पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मामले में आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और ट्रॉले की लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के पीछे संगठित गिरोह हो सकता है, जो पहले भी इसी तरह हाईवे पर ट्रक और ट्रॉले को निशाना बनाता रहा है।

# पंजाब सीएम की संगरूर में अचानक बिगड़ी सेहत, मोहाली के अस्पताल में कराया भर्ती

मोहाली/यूटर्न/15 फरवरी। रविवार को सीएम भगवंत मान की संगरुर में हवन यज्ञ के बाद अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण सेहत खराब हो गई। इसके बाद हालत नहीं सुधरने पर उन्हें हेलीकॉप्टर से मोहाली के फोर्टिस अस्पताल लगाया गया, जहां चेकअप करवाने के बाद उन्हे भर्ती कर लिया गया है। अस्पताल से जारी बुलेटिन के अनुसार, सीएम को रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल लगाया गया है। जहां सभी टेस्ट कराए गए। उनकी हालत सही है। उन्हें अत्यधिक थकान की शिकायत है, जिसके चलते उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में अस्पताल में भर्ती किया गया है।



अस्पताल में डीजीपी गौरव यादव व चीफ सेक्रेटरी भी मौजूद हैं।

**संगरुर पूजा अर्चना करने पहुंचे थे सीएम...**सीएम संगरूर के धूरी स्थित श्री रणकेश्वर महादेव शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे। तीनों नेताओं ने मंदिर में पूजा-पाठ और हवन यज्ञ किया। इसके बाद सीएम की तबीयत बिगड़ गई। सीएम का संगरूर के बाद फाजिल्का दौरा था, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। वहीं सोमवार मोगा में भी भगवंत मान की रैली है। लेकिन तबीयत बिगड़े के कारण वहां पहुंचा भी मुश्किल लग रहा है।

# आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ का बड़ा संगठनात्मक फैसला

## वार्ड नंबर-3 की सभी इकाइयां भंग, नई टीम जल्द घोषित होगी

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए वार्ड नंबर-3 की सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया है। पार्टी नेतृत्व के इस फैसले से स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। यह निर्णय आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के प्रधान विजय कुमार द्वारा लिया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, वार्ड स्तर पर संगठन को और मजबूत व सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। पार्टी ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही वार्ड नंबर-3 के लिए नई संगठनात्मक संरचना की घोषणा की जाएगी।



**हाईकमान को भेजी गई जानकारी...**पार्टी की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इस निर्णय की पूरी जानकारी पार्टी हाईकमान को भेज दी गई है। संगठनात्मक पुनर्गठन के बाद वार्ड में नई जिम्मेदारियों के साथ पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

**राजनीतिक हलचल तेज...**AAP के इस फैसले को संगठनात्मक अनुशासन और जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूती देने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में चंडीगढ़ की वार्ड राजनीति में इसका असर साफ दिखाई देगा।

फिलहाल पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं की नजरें अब नई टीम की घोषणा पर टिकी हुई हैं, जिससे वार्ड नंबर-3 में आम आदमी पार्टी की आगे की रणनीति स्पष्ट हो सकेगी।

# सेक्टर-45 बुड़ैल में सीवरेज का पानी घरों में घुसा, 60 से ज्यादा लोग परेशान





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। सेक्टर-45 बुड़ैल क्षेत्र में स्थित मकान नंबर 154 में सीवरेज ओवरफ्लो की गंभीर समस्या सामने आई है। गटर का गंदा पानी घरों के अंदर तक भर जाने से करीब 60 से 65 लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। बदबू, गंदगी और संक्रमण के खतरे के बीच परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी हरप्रीत ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि अधिकारी मौके का निरीक्षण तो करते हैं, पर समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल पा रहे, जिससे हालात जस के तस बने हुए हैं। मामले की जानकारी मिलने पर आम आदमी पार्टी के नेता शादाब राठी मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने एरिया पार्षद तथा प्रशासनिक अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए सीवरेज लाइन की तुरंत सफाई और मरम्मत कराने की मांग की। राठी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर राहत दिलाने की मांग की है, ताकि गंदगी और संभावित बीमारियों के खतरे को रोका जा सके।

# संगठनात्मक एकता और वैचारिक मजबूती का महाकुंभ 8 प्रदेशों के भाजपा सांसद-विधायक 16 फरवरी को चंडीगढ़ में कार्यशाला में सम्मिलित होंगे



चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय, सेक्टर 33 कमलम में 16 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला उत्तर क्षेत्र के आठ प्रदेशों चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, जम्मू एवं कश्मीर तथा लेह-लद्दाख की सहभागिता के साथ आयोजित होगी। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत ने बताया कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला में संबंधित प्रदेशों के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, सांसद, विधायक तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेंगे। यह एक दिवसीय विशेष सत्र संगठनात्मक सुदृढ़ता, वैचारिक स्पष्टता और प्रभावी प्रशिक्षण कौशल को सशक्त बनाने पर केंद्रित रहेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी अपने-अपने प्रदेशों में मंडल एवं बूथ स्तर तक कार्यकताओं को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे संगठन की विचारधारा और नीतियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके।

चंडीगढ़

05 सोमवार, 16 फरवरी 2026

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 महाशिवरात्रि पर 243 घंटे का अखंड महायज्ञ...

# बलटाना में विकास ठप होने के खिलाफ निर्णायक आंदोलन

## प्रताप सिंह राणा ने शुरू किया अनिश्चितकालीन अनशन, प्रशासन पर गंभीर आरोप

अजीत झा

चंडीगढ़/बलटाना, यूटर्न, 15 फरवरी। बलटाना क्षेत्र की लंबित विकास मांगों को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन के खिलाफ विरोध अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। जॉइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी प्रताप सिंह राणा ने रविवार सुबह ठीक 8 बजे से अन्न-जल का पूर्ण त्याग करते हुए अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया। यह उनका छठा अनशन बताया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।



### रेलवे अंडर ब्रिज बना संघर्ष का केंद्र

प्रताप सिंह राणा ने अनशन स्थल से प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि रेलवे अंडर ब्रिज फ्फ्इ 123-3 जैसे अत्यंत आवश्यक प्रोजेक्ट को लेकर वर्षों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फंड जमा कराने के वादे बार-बार किए गए, लेकिन आज तक रेलवे को निर्धारित राशि हस्तांतरित नहीं की गई, जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### 'फंड ट्रांसफर नहीं, तो अनशन जारी'

राणा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक चंडीगढ़ प्रशासन रेलवे को परियोजना के लिए तय फंड नहीं सौंपता, तब तक उनका अनशन खत्म नहीं होगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि अनशन के दौरान उनके स्वास्थ्य को कोई क्षति होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



**जनसमर्थन बढ़ा, संगठनों ने दिया साथ...**अनशन के पहले ही दिन बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि समर्थन में पहुंचे। समर्थकों का कहना है कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे बलटाना क्षेत्र के सुरक्षित आवागमन और विकास से जुड़ा मुद्दा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है।

### प्रशासन की अग्निपरीक्षा

स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस बार भी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो आंदोलन और तेज होगा। प्रताप सिंह राणा का यह अनशन न सिर्फ बलटाना, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

# चंडीगढ़ में पेड पार्किंग सख्त, अब कोई रियायत नहीं

## ई-वाहनों से भी शुल्क वसूली, 15 मिनट की फ्री सुविधा समाप्त

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। शहर में पेड पार्किंग को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपना लिया है। अब नगर निगम की सभी पेड पार्किंग में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। चाहे दोपहिया हो, चार पहिया या फिर इलेक्ट्रिक व्हीकल—हर वाहन को तय शुल्क चुकाना होगा। पहले मिलने वाली 15 मिनट की फ्री पार्किंग सुविधा भी पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।

यह फैसला नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार के आदेशों के बाद लागू किया गया है। निगम अधिकारियों के मुताबिक, 15 मिनट की फ्री पार्किंग को लेकर अक्सर वाहन चालकों और पार्किंग कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती थी, जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसी कारण इस छूट को खत्म करने का निर्णय लिया गया।



### 213 फ्री पार्किंग को पेड करने पर टकराव

शहर की 213 फ्री पार्किंग को पेड करने का प्रस्ताव 11 फरवरी को नगर निगम हाउस बैठक में लाया गया था, लेकिन मेयर सौरभ जोशी सहित सभी पार्षदों ने इसका कड़ा विरोध किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। हालांकि, निगम कमिश्नर अमित कुमार ने इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए प्रस्ताव को अपनी टिप्पणी के साथ प्रशासन को भेजने की बात कही है। प्रशासन से मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। वहीं, वार्षिक पार्किंग पास में छूट से जुड़े प्रस्ताव को भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है, जिस पर अगली बैठक में चर्चा होगी। शहर में पेड पार्किंग को लेकर लिया गया यह फैसला जहां एक ओर आम लोगों की जेब पर असर डालेगा, वहीं दूसरी ओर आने वाले दिनों में निगम और जनप्रतिनिधियों के बीच टकराव की नई वजह भी बन सकता है।

**ई-वाहनों को भी नहीं मिलेगी राहत...**नगर निगम ने 2023 में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को पेड पार्किंग में विशेष छूट दी थी, लेकिन अब इस सुविधा को भी समाप्त कर दिया गया है। निगम का कहना है कि सभी वाहनों के लिए एक समान नियम लागू करना जरूरी था, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

### वन पास स्कीम पर दिख रहा रुझान

पेड पार्किंग व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए निगम ने वन पास स्कीम शुरू की है। इसके तहत:

- दोपहिया वाहन के लिए मासिक पास: ₹250
- चार पहिया वाहन के लिए मासिक पास: ₹500

इस स्कीम को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और अब तक 4,000 से अधिक वाहन चालक मासिक पास बनवा चुके हैं। निगम का दावा है कि इससे रोजाना भुगतान की झंझट कम होगी और ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर होगी।

### स्मार्ट पार्किंग पर सवाल

दूसरी ओर, कांग्रेस समेत कई संगठनों और नागरिकों ने स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि शुल्क तो लिया जा रहा है, लेकिन पार्किंग स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में निगम को सिर्फ वसूली नहीं, बल्कि सुविधाओं के विस्तार पर भी ध्यान देना चाहिए।

# कोलंबो में भारत की धमाकेदार जीत, पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर-8 में एंट्री




कोलंबो, यूटर्न, 15 फरवरी। आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 61 रनों से करारी शिकस्त दी और सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर ली। हाई-वोल्टेज मुकाबले में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बनाए। इस जीत के हीरो रहे ईशान किशन, जिन्होंने तूफानी अंदाज में अर्द्धशतक जड़कर भारतीय पारी को मजबूत आधार दिया। उनके आक्रामक शॉट्स ने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 114 रन पर ही ऑलआउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने अपनी सटीक लाइन-लेंथ से बल्लेबाजों को बांधे रखा, जबकि हार्दिक पांड्या ने भी दो अहम विकेट झटककर मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया। अन्य गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर पाकिस्तानी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। इस जीत के साथ भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखते हुए हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। टीम इंडिया की यह जीत न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है, बल्कि खिताब की दावेदारी को भी मजबूत करती है।

# गिद्दड़विंडी में रिश्तों पर दाग: आधी रात ससुरालियों का हमला, रॉड-बैट से पिटाई; मासूम बेटी को साथ ले गए

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव, यूटर्न ,15 फरवरी। थाना सिद्धवां बेट के अंतर्गत पुलिस चौकी गिद्दड़विंडी क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पत्नी ने आधी रात अपने मायके पक्ष को बुलाकर पति पर हमला करवाया। हमलावर जाते समय घर से दंपति की छोटी बेटी को भी साथ ले गए। चौकी गिद्दड़विंडी के एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि पत्ती मुल्तानी निवासी सुखदेव सिंह पुत्र सोहन सिंह के बयान पर केस दर्ज किया गया है। पीड़ित के अनुसार उसकी शादी 13 वर्ष पहले काउंके कलां निवासी राजविंदर कौर से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। वह दावा करता है कि पत्नी व ससुराल पक्ष के साथ उसका अक्सर विवाद रहता था। घटना 9-10 फरवरी की दरमियानी रात की बताई गई है। सुखदेव के अनुसार तड़के करीब 3-4 बजे सास सरबजीत कौर, साले सुखविंदर सिंह उर्फ सेंबर व बलवंत सिंह, सलहज सोनू सहित कुछ अन्य लोग कार में पहुंचे। आरोप है कि पत्नी ने दरवाजा खोलकर उन्हें अंदर प्रवेश कराया। इसके बाद लोहे की रॉड, बेसबॉल बैट और डंडों से उसकी पिटाई की गई। बीच-बचाव करने आए भाई हीरा सिंह को भी धमकियां दी गई। प

# महाशिवरात्रि पर देश भर के मंदिरों में उमड़ी आस्था की लहर





डेराबस्सी, यूटर्न, 15 फरवरी। क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। नीलकंठ महादेव शिव मंदिर, हरिपुर कूड़ा में विशाल धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंधक समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए लंगर और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी।

## चंडीगढ़ में खुलेगा पहला सैनिक स्कूल, रक्षा मंत्री ने दी मंजूरी का भरोसा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। चंडीगढ़ में जल्द ही पहला सैनिक स्कूल शुरू हो सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को इस प्रस्ताव को मंजूरी देने का भरोसा दिया है। अंतिम स्वीकृति अब रक्षा मंत्रालय के अधीन सैनिक स्कूल सोसाइटी से मिलनी बाकी है। राज्यपाल कटारिया ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री से मुलाकात कर प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल खुलने से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा की भावना को बढ़ावा मिलेगा।



बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। एंटी-ड्रोन सिस्टम को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Succession Certificate: यह कब और क्यों जरूरी होता है?**

किसी व्यक्ति के निधन के बाद जब बैंक जमा, fixed deposit, shares, insurance राशि या अन्य वित्तीय देनदारियाँ प्राप्त करनी होती हैं, तो अक्सर संस्थाएँ एक दस्तावेज की मांग करती हैं—Succession Certificate। यह प्रमाणपत्र अदालत द्वारा जारी किया जाता है और यह बताता है कि मृतक की चल संपत्ति (movable assets) पर दावा करने का वैधानिक अधिकार किसे है।

यह विशेष रूप से तब आवश्यक होता है, जब
– कोई Nominee दर्ज न हो,
– Nominee और कानूनी वारिसों के बीच विवाद हो, या
–संस्था स्पष्ट कानूनी प्रमाण चाहती हो कि भुगतान सही व्यक्ति को किया जा रहा है।

Succession Certificate सिविल अदालत (आमतौर पर District Court) से प्राप्त होता है। इसके लिए मृतक के अंतिम निवास क्षेत्र की अदालत में याचिका दायर की जाती है। अदालत notice जारी करती है, संभावित वारिसों को सुनवाई का अवसर देती है और यदि कोई आपत्ति नहीं होती, तो प्रमाणपत्र जारी कर देती है।

यह समझना जरूरी है कि Succession Certificate केवल movable assets के लिए होता है—जैसे बैंक राशि, निवेश, बीमा आदि। अचल संपत्ति (जमीन, मकान) के मामलों में यह पर्याप्त नहीं होता; वहाँ अलग प्रक्रिया लागू होती है। अदालत प्रमाणपत्र जारी करते समय कुछ court fee भी लेती है, जो राशि के मूल्य के अनुसार तय होती है। प्रमाणपत्र मिलने के बाद संस्था कानूनी रूप से सुरक्षित होकर भुगतान कर सकती है।

निष्कर्ष: Succession Certificate विवाद टालने और सही व्यक्ति को भुगतान सुनिश्चित करने का माध्यम है। यह परिवार के अधिकार को औपचारिक रूप से मान्यता देता है और वित्तीय दावों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### मुश्किल समय हमें जीवन की सच्चाई सीखा जाता है।

मुश्किल समय हर किसी के जीवन में आता है, चाहे वह बाहर से कितना भी मजबूत और खुश दिखाई देता हो। जीवन हमेशा एक जैसा नहीं रहता। कभी खुशी मिलती है तो कभी दुख और चुनौतियाँ सामने आ जाती हैं। कई बार ऐसा लगता है कि अबसब कुछ खत्म हो गया है और कोई रास्ता नहीं बचा। लेकिन यही समय इंसान की असली ताकत को पहचानने का मौका देता है। जब जीवन में कठिनाइयाँ आती हैं, तब हमें धैर्य और हिम्मत बनाए रखनी चाहिए। घबराने या हार मानने से समस्याएँ खत्म नहीं होतीं, बल्कि और बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में सकारात्मक सोच रखना बहुत जरूरी होता है। परिवार और दोस्तों का साथ भी हमें मजबूत बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें भगवान पर भरोसा रखना चाहिए। भगवान हमेशा हमारे साथ होते हैं और सही समय पर हमें रास्ता दिखाते हैं। विश्वास और मेहनत से हम हर मुश्किल को पार कर सकते हैं। इसलिए जब भी जीवन में कठिनसमय आए, तो डरने की बजाय खुद पर और भगवान पर विश्वास रखें। समय बदलता है और मेहनत करने वालों को हमेशा सफलता मिलती है। मुश्किल समय हमें जीवन की सच्चाई और हमारी असली शक्ति सिखाता है।

## श्री दुर्गा माता मंदिर भौरा कॉलोनी में भोलेनाथ जी की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की गई

मिलन



लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जालंधर बाइपास चौक क्षेत्र में भौरा मस्कीन नगर के समीप स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम पंडित वेद पाठक के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूजा के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा रहा और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के चरणों में शीश नवाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की। इस अवसर पर पंडित वेद पाठक, सिमरनजीत सिंह सिद्धू, सिम्मी सूद, प्रियंका, गुरफतेह सिंह, सोनम गर्ग, सुमनप्रीत, निधि, यश्वी, अनिल कुमार सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने सामूहिक रूप से भोलेनाथ की पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पंडित वेद पाठक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान शिव की महिमा पर प्रकाश डाला और कहा कि महाशिवरात्रि पर की गई पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है।

## धनास के इच्छेश्वर मंदिर में 13वां महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से संपन्न



चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर भारतीय महासभा एवं बजरंग दल के तत्वावधान में धनास स्थित इच्छेश्वर महादेव मंदिर में 13वां महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बजरंग दल की ओर से सुरेश गुप्ता, राज राजपूत (सह संयोजक) और सोनू गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं उत्तर भारतीय महासभा की ओर से प्रधान सोनू गुप्ता, उप प्रधान रविंदर ठाकुर, महासचिव मातृ तमिल, सचिव सुमित शर्मा, सलाहकार प्रदीप यादव, जतिंदर चौहान, सलाहकार सियाराम वर्मा, संदीप मौर्य, परशनाथ मौर्य, डॉ. अजीत, सुरेंद्र शिशोदिया, राम वर्मा, शंकर तमिल, रंजीत दयाशंकर यादव, गुड्डु राजभर, इंद्रा राजभर, त्रिभुवन, दिनेश कुमार, किशोर पासी, सुरेश सहित अनेक गणमान्य सदस्य व श्रद्धालु शामिल हुए।

Uturn Time 16 Feb 2026_Layout 2 15-02-2026 23:01 Page 7



# कार्लटन वुड रिसिडेंट्स एसो ने लगाया लंगर



लुधियाना, यूटर्न, 15 फरवरी 2026। शिवरात्रि के अवसर पर कार्लटन वुड रिसिडेंट्स एसो द्वारा प्रधान राजीव गर्ग के नेतृत्व में भव्य लंगर का ससयोजन किया गया। इसमें संजय गुप्ता बडिंग ग्रुप सहित अन्य इलाकावासियों ने परिवार सहित लंगर सेवा की।

# महाशिवरात्रि पर रणकेश्वर महादेव मंदिर में जुटे नतमस्तक हुआ सीएम सहित शीर्ष नेता, ऐतिहासिक धरोहर में गूंजी शिवभक्ति





धुरी, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रणकेश्वर महादेव शिव मंदिर, रणीके में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राजेंद्र गुप्ता के निमंत्रण पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया मंदिर में नतमस्तक हुए। नेताओं ने भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक किया और



हवन यज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित की। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई।

**ऐतिहासिक महत्वता** ...यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि महाभारतकालीन ऐतिहासिक धरोहर भी माना जाता है। मान्यता है कि कौरवों द्वारा पांडवों को सूई की नोक जितनी भूमि देने से इंकार करने के बाद यहीं पर युद्ध की व्यूह रचना तैयार की गई थी। सुलह के सभी प्रयास विफल होने पर पांडवों ने इसी स्थल पर सात अक्षौणी सेना एकत्रित की और भगवान श्रीकृष्ण के साथ मिलकर भगवान शिव की आराधना की। इसी कारण इसका नाम 'रणकेश्वर' पड़ा—रण अर्थात युद्ध और केशव अर्थात श्रीकृष्ण।

# महाशिवरात्रि पर मेयर का तोहफा: वार्ड 48 में 98 लाख से कम्युनिटी हॉल और भव्य मंदिर का शिलान्यास





सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने लाइनों पार क्षेत्र के वार्ड नंबर 48 में विकास की महत्वपूर्ण पहल करते हुए 1000 गज भूमि पर लगभग 98 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक कम्युनिटी हॉल का शिलान्यास किया। इसी के साथ मेहता परिवार ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भव्य मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ भी कराया। समारोह में मेयर के पिता एवं पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत मेहता, माता बबीता मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर शाम लाल जैन, पार्षदगण व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अमृत इंडो कैनेडियन स्कूल मालिक को आई फिरौती की कॉल, गैंगस्टर ने दी जान से मारने की धमकी

लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। लुधियाना के हैबोवाल के गांव लादियां खुर्द में अमृत इंडो कनैडियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मालिक को गैंगस्टर डोनी बल के नाम से धमकी भरी कॉल की गई है। गैंगस्टर द्वारा फिरौती मांगी गई है। फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। थाना हैबोवाल की पुलिस ने हैबोवाल के नवजोत सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता नवजोत सिंह ने बताया कि उनका अमृत इंडो कनैडियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल है। 14 जनवरी को उसके पिता हरमिंदर सिंह को एक विदेशी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर डोनी बल बताया। जिस पर शिकायतकर्ता ने फोन काट दिया। जिसके बाद कॉल करने वाले व्यक्ति ने एक मैसेज भेजा। जिस पर उसने फिरौती मांगी। फिरौती न देने पर बेटे को मार देने की धमकी दी।



## 37 ग्राम हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिटी जगराओं पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना सिटी प्रभारी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की है। इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने बताया कि एएसआई सतपाल सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ के साथ कमल चौक, जगरांव में गश्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि अमनदीप कौर पत्नी स्वर्गीय गुरमीत सिंह उर्फ कालू, निवासी मोहल्ला मुकंदपुरी (वार्ड नंबर 8), जो हेरोइन बेचने का काम करती है, इस समय डिस्पोजल रोड से प्लॉटों की तरफ जाने वाले रास्ते पर सेम नाले की कच्ची पटरी के पास ग्राहकों का इंतजार कर रही है। सूचना पक्की होते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर छापेमारी की और अमनदीप कौर को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 37 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की पूछताछ जारी है।

## बलटाना फ्लाईओवर के पास ट्रक-कार में टक्कर, बड़ा हादसा टला

जीरकपुर, यूटर्न, 15 फरवरी। शनिवार देर शाम बलटाना के एरिया लाइट प्वाइंट के ऊपर बने फ्लाईओवर के पास ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार चालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पंचकूला की ओर से फ्लाईओवर के ऊपर से आ रहा ट्रक अचानक नीचे की ओर एक अवैध कट लेने लगा। उसी दौरान सर्विस रोड से जीरकपुर की तरफ जा रही कार से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त कट पूरी तरह अवैध है और यहां आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। फ्लाईओवर से उतरने वाले वाहन और स्लिप रोड से आने वाले वाहन एक ही कट से एंट्री और एग्जिट करते हैं, जिससे टकराव की स्थिति बन जाती है। ट्रैफिक संकेतक और स्पष्ट दिशा-निर्देश न होने के कारण वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक कट को तुरंत बंद किया जाए या यहां वैकल्पिक ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



Uturn Time 16 Feb 2026_Layout 2 15-02-2026 23:01 Page 8




## शहर में सफाई कर्मियों और सेनेटरी इंस्पेक्टरों का गैंग एक्टिव

# लुधियाना की सड़कें बन रही कूड़े का ढेर, 11000 सफाई कर्मी, करोड़ों के टेंडर, फिर भी चारों तरफ फैली गंदगी

## चर्चा, पूर्व कमिश्नर व अधिकारी 97 करोड़ के कूड़ा सेग्रीगेट टेंडरों में कर गए बड़ा खेल

लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। एक समय था, जब लुधियाना को स्मार्ट सिटी के तौर पर जाना जाता था। लेकिन अब वहीं स्मार्ट सिटी धीरे-धीरे कूड़े के ढेर में तबदील होती जा रही है। दरअसल, सफाई कर्मियों द्वारा शहर की किसी भी सड़क पर मनमर्जी से कहीं भी कूड़ा फेंकना शुरू कर दिया जाता है। नतीजाजनक अब शायद ही ऐसी रोड होगी, जहां राहगीरों को कूड़े का ढेर न मिले। ताजा मामला प्रताप चौक के नजदीक का सामने आया है। जहां पर संगीत सिनेमा के सामने सड़क पर कूड़े का ढेर लगाना शुरू कर दिया है। जिससे वहां इतनी बदबू आती है कि राहगीरों को गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। मगर नगर निगम अधिकारियों द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। वहीं शहर में 6000 पक्के व 5000 कच्चे करीब 11000 हजार सफाई कर्मी है। भारी मात्रा में मशीनरीं है। जबकि करोड़ों रुपए के कूड़े के टेंडर दिए गए हैं। लेकिन फिर भी शहर की ऐसी दशा बड़े सवाल खड़े कर रही है। वहीं चर्चा है कि कूड़ा सेग्रीगेट के 97 करोड़ के दो टेंडरों में दो पूर्व कमिश्नरों, अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा मिलकर करोड़ों रुपए का खेल किया गया है। जिसके चलते दिखावे के लिए तो कूड़ा लिफ्टिंग-सेग्रीगेशन प्रोसेस सही से चल रहा है, लेकिन असलियत में जमीनीं हकीकत कुछ और बयां कर रही है।





पूर्व एसई संजय कंवर



पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल



पूर्व कमिश्नर संदीप ऋषि

### कूड़ा बीनने के लिए दिए जा रहे ठेके

चर्चा है कि शहर में सफाई कर्मियों और सेनेटरी इंस्पेक्टरों का गैंग एक्टिव है। उनकी तरफ से घरों से कूड़ा उठाकर अलग अलग जगह ढेर लगा दिए जाते हैं। जिसके बाद कूड़ा बीनने के लिए ठेका दे दिया जाता है। कूड़े में से प्लास्टिक बोतलें, लिफाफे व अन्य जरुरी चीजें निकालकर अलग से बेची जाती है। जिसकी एवज में सफाई कर्मी और सेनेटरी इंस्पेक्टर मोटी कमाई कर रहे हैं।

### प्रताप चौंक पर कांपेक्टर, फिर भी यह हालात

प्रताप चौंक के पास कांपेक्टर लगा हुआ है। लेकिन फिर भी चौंक के आसपास कूड़े के ढेर लगे हैं। पहले प्रताप चौंक से गिल चौक की तरफ जाने वाली सड़क पर कूड़े के ढेर लगाए गए। यूटर्न अखबार द्वारा खबरें प्रकाशित करने के बाद वे ढेर हटाए गए। फिर चौंक के पास पार्क में ढेर लगने शुरू हो गए। बता दें कि कांपेक्टरों से कूड़ा लिफ्टिंग का काम प्यारा सिंह कंपनी के पास है। जिसका काम पूरे शहर के कांपेक्टरों से कूड़ा उठाकर टिब्बा रोड डंप पर फेंकना है। जिसके लिए उसे 300 रुपए टन मिलते हैं। चर्चा है कि कंपनी द्वारा समय पर कांपेक्टर से कूड़ा न उठाना भी एक अहम कारण है।

### कूड़ा सेग्रीगेट टेंडर में हुआ बड़ा घोटाला

निगम द्वारा जून 2022 में दो टेंडर लगाए गए। जिसमें टिब्बा रोड डंप से 5 लाख टन सुक्खा कूड़ा सेग्रीगेशन के लिए महाराष्ट्र के लातूर की सागर मोटर्स फर्म को 27 करोड़ का डेढ़ साल के लिए ठेका दिया। जबकि गीले व ताजा कूड़े का ठेका ग्रीनटेक कंपनी को मिला। तब निगम कमिश्नर संदीप ऋषि और पूर्व एसई संजय कंवर की अगुवाई में यह ठेके दिए गए। चर्चा है कि सागर मोटर्स द्वारा पहले तो बिजली न आने समेत कई बहाने बनाकर साल 2024 की शुरूआत में काम शुरू किया। फिर फर्म द्वारा 60 प्रतिशत सुक्खा कूड़ा डंप से उठाया गया, जबकि बाकी 40 प्रतिशत कूड़ा उठाने के जाली बिल बनवाकर निगम से पूरी पेमेंट ले ली। चर्चा है कि इस घोटाले में पूर्व कमिश्नर और एसई को मोटी रिश्वत दी गई।

### शोर पड़ने पर नया टेंडर कर दिया अलॉट

निगम अफसरों का कूड़ा घोटाला यहीं नहीं रुका। 2022 में महाराष्ट्र के लातूर की सागर मोटर्स फर्म को दिए टेंडर में 40 प्रतिशत हेरफेर होने पर मामला काफी विवादों में पड़ा। इस बीच आईएएस संदीप ऋषि का तबादला हो गया और आदित्य डेचलवाल ने कमिश्नर का चार्ज संभाला। हेरफेर का मामला दबाने के लिए पूर्व एसई संजय कंवर ने निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल के साथ मिलकर 2025 में 19 लाख टन सुक्खा कूड़ा सेग्रीगेट करने के लिए 70 करोड़ का एक और टेंडर लगा दिया। यह टेंडर भी सागर मोटर्स को दिया। दोनों अधिकारियों पर बहती गंगा में हाथ धोने के आरोप हैं।

### काम पूरा किए बिना निगम से पूरी पेमेंट हड़प ली

चर्चा है कि निगम में सागर मोटर्स द्वारा पुराने टेंडर का काम पूरा किए बिना नया टेंडर अलॉट करने पर विवाद हो गया। पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और एसई संजय कंवर से सवाल होने लगे। ऐसे में 40 प्रतिशत कूड़ा सेग्रीगेट न करने और जाली बिल बनाकर निगम से पूरी पेमेंट लेने का घोटाला उजागर होने का डर सताने लगा। जिसके बाद ठेकेदार ने अधिकारियों के साथ मिलकर पुराने टेंडर का 40 प्रतिशत सेग्रीगेट नहीं किए कूड़े को उठाकर नए 19 लाख टन कूड़े के ढेर में गिरा दिया। जबकि दस्तावेजों में पुरानी जगह साफ दिखा दी गई। चर्चा है कि दूसरे टेंडर में भी बड़ी मात्रा में अधिकारियों को कमीशन दी गई थी।

**क्या मंत्री संजीव अरोड़ा शहर को बना सकेगें कूड़ा मुक्त...**वहीं अब सभी की नजरें मंत्री संजीव अरोड़ा पर टीकी हैं। मौजूदा समय में संजीव अरोड़ा लोकल बॉडी विभाग के भी मंत्री है। ऐसे में अब देखना होगा कि क्या वह शहर को कूड़ा मुक्त कर फिर से स्मार्ट सिटी बना सकेगें या नहीं। वहीं कूड़ा टेंडरों में चल रहे अधिकारियों और ठेकेदारों के घोटालों को रोक सकेगें या नहीं।

# पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा को समर्पित 'कुदरत दे राखे चैरिटेबल ट्रस्ट' का हुआ शानदार आगाज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। समाज सेवा को अपने जीवन का परम धर्म और मुख्य लक्ष्य मानने वाले जगरांव के प्रतिष्ठित समाज सेवक राजिंदर जैन काका ने अपने साथियों के सहयोग से आज एक नई और अनूठी समाज सेवी संस्था 'कुदरत दे राखे चैरिटेबल ट्रस्ट' (प्रकृति के रक्षक) का औपचारिक आगाज किया। इस अवसर पर जानकारी साझा करते हुए नवनियुक्त चेयरमैन राजिंदर जैन काका ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संरक्षण सबसे अहम जरूरत बन गई है। उन्होंने बताया कि इस ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा, पर्यावरण की शुद्धता और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाना होगा। इसके साथ ही संस्था जरूरतमंदों की



मदद और अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में भी बढ़-चढ़कर योगदान देगी।

इस मौके पर संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक सशक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें शहर की नामवर हस्तियों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। टीम की घोषणा के अनुसार श्री भुवन गोयल को संरक्षक (Patron) और श्री राजिंदर जैन काका को चेयरमैन की जिम्मेदारी दी गई है। विदेशों में भी सेवा भावना रखने वाले डॉ. अशोक गुप्ता (वरअ) को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। संस्था की कार्यकारिणी टीम में श्री कन्हैया गुप्ता बांका को अध्यक्ष और डॉ. मनीष जैन को उप-प्रधान (Vice President) चुना गया है। प्रबंधकीय ढांचे को मजबूत रखने के लिए डॉ. अमित चक्रवर्ती बतौर सचिव (Secretary) और कोमल बंसल बतौर ज्वाइंट सेक्रेटरी सेवाएं निभाएंगे। वित्तीय कार्यो की देखरेख के लिए साहिल गुप्ता को कैशियर और मयंक बंसल को ज्वाइंट कैशियर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समूह सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि वे तन-मन-धन से समाज और प्रकृति की सेवा में समर्पित रहेंगे।

# मोटरों से तार चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 3 चोर गिरफ्तार, साढ़े 16 किलो तांबा और बाइक बरामद

लुधियाना/यूटर्न/15 फरवरी। लुधियाना पुलिस ने मोटरों से बिजली की तारें चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 16 किलो 500 ग्राम बिजली की तारें, तांबा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।



थाना कूमकलां की पुलिस ने सुखविंदर सिंह निवासी गांव सुदावाल, गोल्डी सिंह निवासी गांव सुदावाल और सतबीर सिंह निवासी गांव कनेच के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एडीसीपी जशनदीप सिंह गिल ने बताया कि इंस्पेक्टर परमदीप सिंह की अगुवाई में चौकी कटानी कलां के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह सैनी की पुलिस टीम को नाकाबंदी के दौरान सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड करके आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपी चोरी की गई तारों को जलाकर उनमें से तांबा निकालते और उसे फेरी वाले कबाड़ी को बेच देते थे। प्राप्त धनराशि का उपयोग नशे के लिए किया जाता था।

# पाक में सरबजीत हुई रिहा, वकील बोला- इस्लाम खूबसूरत, सिख महिलाएं अपनाएं, जो भी अपनाएगी वह मेरी बहन

अमृतसर/यूटर्न/15 फरवरी। पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन कर शादी करने वाली सरबजीत कौर उर्फ नूर फातिमा के वकील अहमद हसन पाशा का एक बड़ा बयान सामने आया है। उसने कहा है कि जो भी सिख महिला अपना धर्म छोड़कर इस्लाम कबूल कर रही है, वह उसकी बहन के समान है। सरबजीत कौर को शेल्टर होम से निकालने में मदद करने वाले वकील हसन को पिछले दिनों सरबजीत कौर ने अपना भाई बताया था। इसके बाद पाकिस्तानी मीडिया ने हसन से सवाल किया कि जब सरबजीत ने उसे भाई कहा है तो उसने भाई का किरदार कैसे निभाया? इस सवाल के जवाब में हसन ने कहा- जब कोई अपना मजहब छोड़कर



इस्लाम में आ रहा है, तो मैं उसे बहन क्यों न कहूं? अगर 200 सिख महिलाएं भी इस्लाम कबूल कर लें, तो वे सभी मेरी बहनें हैं।

**कौन है वकील हसन पाशा, जिसे सरबजीत ने भाई कहा...** सरबजीत कौर ने जब पाकिस्तान में नासिर हुसैन नाम के व्यक्ति के साथ निकाह कर लेने का खुलासा किया तो उसे पाकिस्तान में पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। लोगों ने उसकी गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर सरबजीत को शेल्टर होम भेज दिया था। वकील हसन पाशा ने कानूनी तौर पर सरबजीत और नासिर हुसैन का निकाह कराया था। इसके बाद कोर्ट में भी सरबजीत को डिफेंड करने वाला वकील हसन पाशा ही था। उसने सरबजीत का केस लड़कर उसे शेल्टर होम से निकलवाया। इसके बाद ही सरबजीत ने उसने अपना भाई कहा।

# भाजपा-शिअद गठबंधन की चर्चा बीच सुखबीर बादल का दांव, बीजेपी के प्रदेश उपप्रधान खन्ना ने अकाली दल जॉइन की

पंजाब/यूटर्न/15 फरवरी। पंजाब में बीजेपी और अकाली दल के गठबंधन की चर्चा के बीच अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल ने बीजेपी को बड़ा झटका दिया है। सुखबीर बादल ने संगरूर के धूरी पहुंचकर पूर्व विधायक अरविंद खन्ना को पार्टी में शामिल कर लिया है और संगरूर का हलका इंचार्ज नियुक्त किया। खन्ना पंजाब में भाजपा के उपप्रधान थे। अरविंद खन्ना को पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर के करीबी रह चुके हैं। अरविंद खन्ना क्षेत्र में बड़े उद्योगपति के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने कई वर्ष तक उम्मीद फाउंडेशन के माध्यम से संगरूर हलके के लोगों की सेवा



कर नाम बनाया था।

**2002 में बने थे विधायक...** खन्ना पहली बार 2002 में कांग्रेस के टिकट पर संगरूर विधानसभा से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में वह पार्टी के उम्मीदवार थे। वह सुखदेव सिंह ढींडसा से हार गए थे। इसके बाद 2012 में उन्होंने धूरी विधानसभा हलके से चुनाव लड़ा था। एकतरफा जीत ने उनको बड़े लीडर में रूप में साबित कर दिया था। हालांकि, उस समय कांग्रेस की सरकार बनी नहीं तो उन्होंने 2 साल बाद ही विधानसभा से इस्तीफा देकर राजनीति से किनारा कर लिया था।

# 19 लाख लूट मामले में दो गिरफ्तार, पति-पत्नी ने बीमा क्लेम के लिए रची थी साजिश

जालंधर/यूटर्न/15 फरवरी। जालंधर पुलिस ने अर्बन स्टेट इलाके में हुई 19 लाख रुपये की लूट का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने खुलासा किया कि यह लूट एक दंपति ने बीमा क्लेम हासिल करने के लिए करवाई थी। एडीसीपी हरविंदर सिंह गिल ने बताया कि 6 फरवरी को बैंक एन्क्लेव निवासी प्रिया वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी। प्रिया ने बताया था कि वह अपने पति के साथ बैंक से 19 लाख 10 हजार रुपये निकालकर किसी व्यक्ति को देने जा रही थीं। इसी दौरान अर्बन एस्टेट फेज-2 में एलजी स्टोर के पास दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उनके हाथ से पैसों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। थाना सात के प्रभारी एसआई बलजिंदर सिंह की टीम ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

जांच के दौरान पुलिस ने खुरला किंगरा निवासी भीमा उर्फ फूल कुमार और अभि को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह पूरी वारदात प्रिया वर्मा और उनके पति रामानंद की साजिश थी। योजना के तहत, उन्हें एलजी स्टोर के पास से प्रिया के हाथ से खाली बैग छीनकर भागना था, ताकि बाद में 19.10 लाख रुपये की लूट का मामला दर्ज करवाकर बीमा राशि प्राप्त की जा सके। आरोपियों ने बैग छीनने के बाद उसे रास्ते में फेंक दिया था।

### सात हजार रुपए देने थे आरोपियों को

इस काम के बदले प्रिया ने दोनों आरोपियों को 7000 रुपये दिए थे, जिसे उन्होंने आपस में बांट लिया। पुलिस के अनुसार, जब प्रिया को यह शक हुआ कि पुलिस गहराई से जांच कर रही है और आरोपियों को गिरफ्तार कर सकती है, तो उसने उन्हें जालंधर से बाहर भेज दिया था। हालांकि, पुलिस ने बाद में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रवासियों पर गोली चलाने वाले बदमाशों का एनकाउंटर, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक शूटर जख्मी, दूसरा गिरफ्तार



पंजाब/यूटर्न/15 फरवरी। 10 फरवरी को दो प्रवासियों पर गोली चलाने वाले दो आरोपियों को मोगा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई मोगा पुलिस और सीआईए स्टाफ ने मिलकर की। 10 फरवरी को मोगा जिले में दो प्रवासी मजदूरों को गोली मार दी गई थी। बिहार से आए ये दोनों मजदूर मोगा की एक फैक्ट्री में काम करते हैं और गोली लगने से घायल हो गए थे। इस घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 10 फरवरी की घटना के बाद से ही पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि आरोपी घल्ल कलां इलाके में मौजूद हैं। जब पुलिस टीम उन्हें पकड़ने पहुंची, तो आरोपियों ने रुकने के बजाय पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी, जिसकी पहचान जोबनप्रीत के रूप में हुई है, की टांग में गोली लगी और वह घायल हो गया। दूसरा आरोपी आकाशदीप भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया।

# पठानकोट-अमृतसर हाईवे पर ट्रक से आपस में टकराईं 6 गाड़ियां, आर्मी की बसें भी चपेट में आई



पंजाब/यूटर्न/15 फरवरी। पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाइवे पर नौशहरा मज्झा सिंह के पास गांव गिलांवाली में रविवार सुबह पत्थर से भरा एक ट्रक अचानक पलट गया। इसके बाद पीछे से आ रही छह गाड़िया भी आपस में टकरा गई। टकराने वाली गाड़ी में दो आर्मी की गाड़िया भी शामिल थी। बताया जा रहा है कि आर्मी के जवान परिवारों सहित श्री हरिमंदिर साहिब जी को जा रहे थे। उधर घटना के बाद कई घंटों तक ट्रैफिक बाधित रहा। हालांकि बाद में पुलिस मुलाजिमों के पहुंचने पर गाड़ियों को हटाने के बाद ट्रैफिक को बहाल कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक पत्थर से भरा एक ट्रक जा रहा था। जैसे ही वह उक्त जगह पर पहुंचा तो अचानक से ट्रक पलट गया। ट्रकके पलटने के बाद एक के बाद एक छह गाड़िया भी आपस में टकरा गई। जिसमें आर्मी की दो बसें भी शामिल है। परिवारों सहित बैठे जवान सचखंड श्रीहरमंदिर साहिब नतमस्तक होने के लिए जा रहे थे।

**कई घंटे लगा ट्रैफिक जाम...** गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुक्सान तो नहीं हुआ है। लेकिन हादसे में आर्मी के तीन लोगों को मामूली चोटें पहुंची है, जिन्हें आर्मी की एम्बुलेंस फस्ट एड देकर साथ लेकर चली गई। लेकिन इस हादसे के चलते कई घंटों तक सड़क पर ट्रैफिक जाम लगा रहा। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से रोड को खाली करवाया गया और बाधित हुई ट्रैफिक को बहाल किया गया।

# महाशिवरात्रि पर मौलिजागरां स्थित खेड़ा मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मनीमाजरा के विकास नगर मौलीजागरां स्थित खेड़ा मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर ह्यहर-हर महादेवह्न के जयकारों से गूंजता रहा। इस अवसर पर महादेव सेवादल की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर का आयोजन किया गया। लंगर की विधिवत शुरूआत सौरभ जोशी, मेयर, चंडीगढ़ द्वारा की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के पार्षद मनोज सोनकर तथा महादेव सेवादल के अध्यक्ष राम चौधरी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। महादेव सेवादल के अध्यक्ष राम चौधरी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर कमेटी एवं सेवादल की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद और लंगर की व्यवस्था की जाती है।

# महाशिवरात्रि पर चंडीगढ़ में आस्था का महासैलाब

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को चंडीगढ़ में आस्था और भक्ति का भव्य नजारा देखने को मिला। शहर के सभी शिवालयों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

इसी क्रम में सेक्टर-40 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में विशेष रौनक देखने को मिली, जहां तड़के सुबह से ही शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।





सेक्टर-40 सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

## शिवरात्रि पर चंडीगढ़ के पूर्व सांसद जैन ने की पूजा-अर्चना

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। शिवरात्रि के अवसर पर चंडीगढ़ कंस्ट्रक्शन वर्कर लेबर यूनियन द्वारा सेक्टर-44 सी स्थित लेबर चौक मंदिर में पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के पूर्व सांसद एवं भारत सरकार के अपर महासालिसिटर सत्य पाल जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की। इस अवसर पर जैन ने कहा कि भगवान शिव का संदेश समूची मानवता के कल्याण का है। उनके भक्तों में सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग शामिल हैं, जहां किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। उन्होंने प्रयागराज और काशी जैसे तीर्थ स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां लोग बिना भेदभाव के एक साथ पूजा करते हैं। समिति अध्यक्ष राम लाल ने बताया कि कार्यक्रम में मजदूरों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



## चंडीगढ़ में आस्था और क्रिकेट का संगम



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 फरवरी। रविवार को चंडीगढ़ में श्रद्धा और खेल का अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। एक ओर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही शहर के मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है, तो दूसरी ओर शाम को भारतझ्रपाकिस्तान के हाई-वोल्टेज टी-20 मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। सुबह से ही मंदिरों में ह्यबम-बम भोलेह्न और ह्यहर-हर महादेवह्न के जयकारे गूंज रहे हैं। श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भारत की जीत के लिए भी प्रार्थना कर रहे हैं। पूरा शहर भक्ति और देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

**IND-PAK मैच को लेकर शहर में उत्सव जैसा माहौल...** टी-20 वर्ल्ड कप के सबसे रोमांचक मुकाबलों में गिने जाने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर ट्राइसिटी में खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। मुकाबला श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाना है, लेकिन चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में इसके लाइव प्रसारण को लेकर पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पवन ठाकुर ने किया विधायक ग्रेवाल का स्वागत



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 14 फरवरी। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में दरेसी रोड़ पर समाज सेवक पवन ठाकुर की अध्यक्षता विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे के दौरान सैंकड़ों लोगों को लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल विशेष तौर पर शामिल हुए। इस मौके समाज सेवक पवन ठाकुर पम्मी ने विधायक ग्रेवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर हरिओम वर्मा, मोहित ठाकुर, दीपक वर्मा, गणेश रावत आदि, शिवम शर्मा आदि विशेष तौर पर शामिल हुए।

## जीनत वेलफेयर क्लब ने शिवरात्रि के पावन अवसर पर लगाया सालाना भंडारा



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जनवरी। हर साल शिवरात्रि के पावन अवसर पर जीनत वेलफेयर क्लब जगरांव सुभाष गेट शिवाला मंदिर में भक्तों के लिए भंडारा लगाता है। इस बार भी क्लब के सभी सदस्यों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भंडारा लगाया। इस मौके पर क्लब के प्रेसिडेंट पुरुषोत्तम अग्रवाल और डॉ. भूषण रतन ने बताया कि जीनत वेलफेयर क्लब एक समाज सेवी संस्था है। क्लब समय-समय पर समाज सेवा के अलग-अलग काम करता है और इसके साथ ही क्लब धार्मिक कामों में भी अहम योगदान देता है। उन्होंने कहा कि क्लब जहां धार्मिक कामों के तहत भक्तों के लिए भंडारे लगाता है, वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई का सामान दिया जाता है। इसके अलावा मेडिकल के क्षेत्र में भी जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि क्लब के सभी सदस्य सभी सेवाओं में बड़े उत्साह और लगन से हिस्सा लेते हैं, ताकि जरूरतमंदों को मदद मिल सके और समाज में अच्छे नागरिक बनने का मौका मिल सके। इस मौके पर सुरेश गर्ग, अनिल मल्होत्रा, कश्मीरी लाल, हरि रतन बाबू, मोहन लाल गुप्ता, विजय गर्ग, दर्शन, दर्शन सिंगला, कोमल शर्मा, अमरजीत बिल्लू, धरमिंदर, गुरचन लाल, मेजर सिंह, शिंगारा सिंह, वरिंदर बंसल और कई दूसरे गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बठिंडा में 6 .5 किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

बठिंडा, यूटर्न, 15 फरवरी। नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत बठिंडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6.5 किलोग्राम अफीम बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला थाना कैनाल कॉलोनी में केस नंबर 39, दिनांक 14.02.2026, धारा 18B, 29, 25/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। एसएसपी डॉ. ज्योति यादव, आईपीएस के नेतृत्व तथा एसपी (शहर) नरिंदर सिंह पीपीएस और डीएसपी (सिटी-1) अमृतपाल सिंह भाटी की देखरेख में पुलिस टीम ने महाराजा रणजीत सिंह तकनीकी विश्वविद्यालय के पास बादल-बठिंडा रोड पर नाकाबंदी की हुई थी।

# घने कोहरे में अमृतसर-पठानकोट हाईवे पर 12 गाड़ियां भिड़ीं

## बटाला के गिलांवाली के पास ट्रैफिक डायवर्जन बना हादसे की वजह, सेना की दो गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त






अमृतसर/बटाला। अमृतसर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर बटाला के गांव गिलांवाली के पास रविवार सुबह घने कोहरे और ट्रैफिक डायवर्जन के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। क्रमिक टक्कर में करीब एक दर्जन वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में कई गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, बटाला के पास हाईवे पर बजरी से भरा एक टिप्पर पलट गया था, जिससे यातायात बाधित हो गया। ट्रैफिक डायवर्ट किए जाने के बाद जाम से बचने के लिए वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों की ओर मुड़े, लेकिन घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान दो गाड़ियां पहले आपस में टकराईं और देखते ही देखते पीछे आ रहे वाहनों की श्रृंखलाबद्ध टक्कर में करीब 12 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में इंडियन आर्मी की दो गाड़ियां भी प्रभावित हुई हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

बटाला पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। अधिकारियों ने वाहन चालकों से कोहरे के दौरान सतर्कता बरतने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की है। यह घटना एक बार फिर हाईवे पर ट्रैफिक प्रबंधन और कोहरे के दौरान सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व को उजागर करती है।

## चोरी की बाइक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। जिला पुलिस द्वारा समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत थाना हठूर की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना हठूर के एएसआई गीतइंदरपाल सिंह ने बताया कि वह अपनी पुलिस पार्टी समेत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के संबंध में बस स्टैंड हठूर पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि युद्धवीर सिंह उर्फ जोधा पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी पत्ती भीलम (छीनीवाल खुर्द रोड, हठूर), जो बाइक चोरी करने का आदी है, इस समय चोरी की हुई प्लेटिना बाइक सहित खेल स्टेडियम के पास दाना मंडी हठूर में खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की और युद्धवीर सिंह उर्फ जोधा को चोरी की बाइक सहित काबू कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## 12 एकड़ जमीन की धोखाधड़ी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। थाना हठूर की पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर पावर ऑफ अटॉर्नी (मुख्तारनामा) में हेराफेरी कर 12 एकड़ जमीन बेचने का आरोप साबित हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए थाना हठूर के एएसआई कुलवंत सिंह ने बताया कि रणजोध सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी गांव चकर, तहसील जगरांव ने पुलिस को एक शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि जसविंदर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह ने उसकी दी हुई पावर ऑफ अटॉर्नी के साथ छेड़छाड़ की और धोखे से उसकी 12 एकड़ जमीन बेच दी।

# अमलाला में दमाला-दस्तार मुकाबला, सैकड़ों प्रतिभागियों ने दिखाई कला

## गुरदर्शन सिंह सैणी ने विजेताओं को किया सम्मानित

डेराबस्सी, यूटर्न, 15 फरवरी। युवा पीढ़ी को अपने समृद्ध विरसे से जोड़ने के उद्देश्य से सिख विरसा संभाल कमेटी पुआध की ओर से गांव अमलाला स्थित बाबा मोती राम मेहरा जी धर्मशाला में विशाल दमाला और दस्तार मुकाबले का आयोजन किया गया। 'दस्तार मेरी पहचान' नारे के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया।



## पंचकूला पुलिस की तत्परता से 9 वर्षीय बालक सुरक्षित बरामद, परिजनों को सौंपा

पंचकूला, यूटर्न, 15 फरवरी। 8 फरवरी को मानव कॉलोनी, सकेतड़ी निवासी 9 वर्षीय बालक बच्चों के साथ खेलने के लिए सुखना लेक की तरफ गया था, जो वापस घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर 9 फरवरी को थाना एमडीसी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

सूचना मिलते ही सूचना पार्क पुलिस टीम ने एसएचओ मुनिष कुमार के नेतृत्व में एसआई राजकुमार की टीम के साथ आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सर्च अभियान शुरू किया। बालक की तलाश के लिए गुमशुदगी के



इश्तहार भी छपवाकर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए तथा संबंधित एजेंसियों से लगातार संपर्क बनाए रखा गया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप बालक को बाल कल्याण समिति, चंडीगढ़ से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने पंचकूला पुलिस का आभार व्यक्त किया।

डीसीपी पंचकूला श्रीमती सृष्टि गुप्ता ने कहा: पंचकूला पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी गुमशुदगी की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी संसाधनों का उपयोग कर व्यक्ति को सुरक्षित खोजने का हर संभव प्रयास किया जाता है। अभिभावकों से अपील है कि बच्चों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।



Tripti Dimri

Uturn Time 16 Feb 2026_Layout 2 15-02-2026 23:01 Page 12



# महाशिवरात्रि पर 243 घंटे का अखंड महायज्ञः अध्यात्म के संग देशभक्ति की अनूठा संगम







लुधियाना, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि पर्व पर बगलामुखी धाम में चल रहे 243 घंटे के अखंड महायज्ञ के पांचवें दिन वातावरण शिवभक्ति और राष्ट्रभावना से सराबोर नजर आया। महंत प्रवीण चौधरी जी ने मंत्रोच्चारण के साथ आठ पहर का विशेष पूजन संपन्न कराया। शिवलिंग का गंगाजल, दूध और दही से अभिषेक कर बेलपत्र, चंदन व शहद से तिलक किया गया। महंत जी ने श्रद्धालुओं को शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, संयम और आस्था का प्रतीक है। शाम को आयोजित भजन संध्या में गायक कुमार संजीव ने शिव भजनों के साथ राष्ट्रगीत प्रस्तुत कर भक्तों में देशभक्ति का जोश भी जगाया।



# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा ट्राईसिटी, सकेतड़ी धाम में उमड़ा जनसैलाब





अजीत झा

चंडीगढ़/पंचकूला/मोहाली, यूटर्न, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ट्राईसिटी पूरी तरह शिवमय नजर आई। चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के मंदिरों में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। ह्हर-हर महादेवह्व और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**सकेतड़ी शिवधाम में रिकॉर्ड भीड़...** पंचकूला के महादेवपुर स्थित प्राचीन सकेतड़ी शिव मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। आधी रात से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट रात 11 बजे ही खोल दिए गए।

दोपहर एक बजे तक करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए, जबकि देर शाम तक यह आंकड़ा डेढ़ लाख के पार पहुंचने का अनुमान जताया गया। एक हाथ में गंगाजल, दूसरे में बेलपत्र और थाल में भांग-धतूरा व फल-फूल लेकर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं मांगते नजर आए।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम...** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 500 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए। जिला प्रशासन, पुलिस और मंदिर प्रबंधन कमेटी ने संयुक्त रूप से सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल और कतार प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए। स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे रहे।

# सुनसान जगह पर नशा कर रहे युवक को पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। नशा तस्करों और नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए थाना सिटी जगरांव के अंतर्गत आती पुलिस चौकी बस स्टैंड की टीम ने एक व्यक्ति को नशा करते हुए गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी एएसआई सुखविंदर सिंह देओल ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान यह सफलता हासिल की।

एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम इलाके में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। जब पुलिस टीम अलीगढ़ (जगरांव) के कोठे खंजूरा रोड पर स्थित पुली सुआ के पास एक सुनसान कॉलोनी के नजदीक पहुंची, तो सुए की कच्ची पटरी पर पेड़ों की आड़ में एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखा। वह व्यक्ति पन्नी के नीचे लाइटर लगाकर नशा कर रहा था। पुलिस ने तुरंत गाड़ी रोकी और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस को देखते ही वह घबरा गया और उसने नशा करने वाली पन्नी और लाइटर को अपनी दाहिनी मुट्ठी में छिपाने की कोशिश की। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान गगनदीप सिंह उर्फ भालू पुत्र जसपाल सिंह पुत्र चरण सिंह (उर्फ माड़ा सिंह), निवासी नजदीक माई का गुरुद्वारा, लहंदी भैणी, अगवाड़ ख्वाजा बाजू, जगरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्री गौरी शंकर सेवा मंडल ने शिवरात्रि के मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/फरवरी। श्री गौरी शंकर सेवा मंडल जगरांव ने महा शिवरात्रि के पावन मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया। हवन के बाद मंडल ने श्री अमरनाथ यात्रा के लिए होने वाले सालाना भंडारे की तैयारी भी शुरू कर दी है। इस मौके पर क्लब के प्रेसिडेंट विवेक गर्ग ने बताया कि श्री गौरी शंकर सेवा मंडल धार्मिक और सामाजिक भलाई के कामों में अहम योगदान देता है और भगवान की मजी के मुताबिक भविष्य में भी लोगों की सेवा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हर साल संस्था श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों के लिए जम्मू-कश्मीर में भंडारा करती है, जो यात्रा के पहले दिन से लेकर आखिर तक चलता है। हर साल शिवरात्रि के बाद भगवान शिव और माता पार्वती जी का आशीर्वाद लेकर भंडारे की तैयारी शुरू की जाती है। गर्ग ने बताया कि इस साल क्लब 17वां भंडारा कर रहा है, जिससे मंडल के सभी सदस्य हर साल की तरह जोश से भरे हुए हैं। इस मौके पर क्लब के सदस्य अश्विनी कुमार, गोपी शर्मा, विनय शर्मा, बृज लाल, संजीव मल्होत्रा, सुमित शास्त्री, सुखदीप नाहर, अमित शर्मा, वीरेंद्र गर्ग, सचिन लूंबा, अमित निजावान, रमन शर्मा और अमित लूंबा आदि मौजूद थे।

# जीरकपुर में 18 वर्षीय छात्र पर हमला, लाठी-डंडों से पीटा, केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 15 फरवरी। वीआईपी रोड स्थित खेतों के पास फोटो खिंचवाने गए 18 वर्षीय छात्र पर 6-7 युवकों द्वारा लाठियों और नुकीली वस्तु से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल छात्र की पहचान यश राणा निवासी रायपुर खुर्द, चंडीगढ़ के रूप में हुई है, जो सेक्टर-8 स्थित डीएवी स्कूल में +2 का छात्र है। उसका इलाज सिविल अस्पताल ढाकोली में चल रहा है।

पीड़ित यश राणा के बयान के अनुसार 12 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3 बजे उसके मित्र कनव अरोड़ा ने उसे जीरकपुर वीआईपी रोड पर मिलने के लिए बुलाया था। यश अपने दोस्तों आयुष और शिवम के साथ मौके पर पहुंचा। आरोप है कि पास के खेतों में फोटो खींचने के दौरान 6-7 युवक लाठियां लेकर वहां आ पहुंचे। शिकायत में कहा गया है कि जीरकपुर निवासी दिव्यांश उर्फ दीवान चौधरी ने यश के सिर और माथे पर लाठी से वार किया। हमलावरों ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा और पेट के दाहिनी ओर किसी नुकीली वस्तु से वार किया। मारपीट के दौरान उसका आईफोन 15 प्रो मैक्स भी तोड़ दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि कनव अरोड़ा ने हमलावरों को उकसाया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद परिजनों ने घायल को सिविल अस्पताल ढाकोली में भर्ती कराया, जहां 12 फरवरी से उसका इलाज जारी है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार उसके शरीर पर कई गंभीर चोटें पाई गई हैं, जिनमें एक चोट को सर्जरी के लिए रखा गया है। मामले में पुलिस ने दिव्यांश चौधरी, कनव अरोड़ा व 6-7 अज्ञात युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 126(2), 351(2), 191(3) और 190 के तहत केस दर्ज किया है। एएसआई बलराज सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मेडिकल राय के आधार पर यदि आवश्यकता पड़ी तो धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।